संख्या: 55/2026/524/35-4-2026/35-4099/ 396/2021

प्रेषक,

राजेन्द्र प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
प्रयागराज।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक 30 मार्च, 2026

विषय: **जनपद प्रयागराज में वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत कार्य की अवशेष धनराशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2021-2022 में त्वरित आर्थिक विकास योजनांतर्गत जनपद- प्रयागराज हेतु शासनादेशसं0-458/2021/2350/35-4-2021 दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 द्वारा स्वीकृत 13 कार्यों में से 01 कार्य (यथा-ग्राम सभा धरांव गजपति (आहोपुरनेवढिया) में नहर पटरी से पंचायत भवन तक इंटरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य) की अनुमोदित लागत रू0 22.99 लाख (12 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किस्त के रूप में रू0 15.00 लाख की धनराशि अवमुक्त किया गया है।

2- आपके पत्र संख्या-1650/त्व0आ0वि0यो0/2025-26, दिनांक: 19 दिसम्बर, 2025 द्वारा उक्त शासनादेश से स्वीकृत प्रश्नगत कार्य की अनुमोदित लागत के सापेक्ष प्रथम किश्त में अवमुक्त धनराशि का पूर्ण उपभोग किया जाना एवं गठित अनुबंध से हुयी बचत की धनराशि को घटाने के पश्चात अवशेष धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

3- अवगत कराना है कि अनुबंध की धनराशि रू. 16.43642 लाख में 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि रू0 2.958 लाख, सेन्टेज चार्ज रू0 1.13 लाख तथा आकस्मिक व्यय 2 प्रतिशत रू. 0.328 लाख को जोडने पर उभर कर आयी कुल लागत रू0 20.85 लाख में से पूर्व में अवमुक्त धनराशि रू0 15.00 को समायोजित करने के पश्चात अवशेष देय धनराशि रू0 5.85 लाख उभर कर आ रही है।

4- अतः एतद्वारा उपर्युक्त शासनादेश से स्वीकृत एवं गठित अनुबंध से हुई बचत की धनराशि को समायोजित करते हुए अनुमन्य देय अवशेष धनराशि रू0 5.85 लाख (रुपये पांच लाख पचासी हजार मात्र) को निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि रू० लाख में)

कार्य का नाम	अनुमोदित लागत	गठित अनुबंध लागत	निविदा उपरांत कार्य की कुललागत(1 8 प्रतिशतकी जी0एस0टी0 एवं अन्य करों सहित)	पूर्वमें अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6
ग्राम सभा धरांव गजपति (आहोपुरनेवढिया) में नहर पटरी से	22.99	16.43	20.85	15.00	5.85

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

पंचायत भवन तक इंटरलाकिंग मार्ग का निर्माण कार्य					

1. उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।
2. प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।
3. परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक, डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्कतानुसारआहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।
4. कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।
5. स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त अनाहरित बचती है, तो उसे 31 मार्च, 2026 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2026 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
6. राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यतः कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून, 2026 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।
7. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27 मार्च, 2025 में उल्लिखित शर्तों एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय धनराशि रू0 5,85,000/- (रुपये पांच लाख पचासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्ष-5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक: 27 मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवतप्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

राजेन्द्र प्रसाद
संयुक्त सचिव।

संख्या-55/2026/524(1)/35-4-2026/35-4099/396/2021, तद्दिनांक|
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. प्रधान महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2. महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3. अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त, उत्तर प्रदेश ।
4. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण / ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
5. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा० मुख्यमंत्री जी, उ०प्र०।
6. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

7. मंडलायुक्त, प्रयागराज मण्डल ।
8. निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखनऊ।
9. मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज ।
10. मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रयागराज ।
11. वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5, उ0प्र0 शासन |
12. जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, प्रयागराज ।
13. अधिशासीअभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रयागराज ।
14. संयुक्त निदेशक, स्टेट ट्रांसफारमेशन कमीशन, नियोजन विभाग, उ०प्र० शासन |
15. नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, नियोजन विभाग।
16. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
दुर्गा प्रसाद
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।